**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 17-03-2025**

**विषय:- मारपीट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 39/2025, धारा- धारा- 115(2), 352, 110, 191(2), 54, 351(3) बी0एन0एस0 थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त रिशू सिंह पुत्र मुन्ना राय निवासी ग्राम सलया थाना राजपुर जिला बक्सर बिहार हाल पता शायर माता गली रामपुर रामनगर वाराणसी उम्र 19 वर्ष को पी0ए0सी0 तिराहे से 50 कदम आगे पड़ाव की तरफ जाने वाले मार्ग से अभियुक्त उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। उक्त गिरफ्तारी के संबंध में पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-** दिनांक- 17/03/2025 पी0ए0सी0 तिराहे से 50 कदम आगे पड़ाव जाने वाले मार्ग की तरफ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

**घटना का विवरण:-** दिनांक- 18/02/2025 को वादी मुकदमा को साहित्यनाका रामनगर वाराणसी गेस्ट हाउस के पास अभियुक्त हर्ष सिंह व अन्य साथियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया जिससे वादी मुकदमा को गंभीर चोटे आयी है।

**विवरण पूछताछ:-** अभियुक्त रिशू सिंह पुत्र मुन्ना राय निवासी ग्राम सलया थाना राजपुर जिला बक्सर बिहार हाल पता शायर माता गली रामपुर रामनगर वाराणसी पूछताछ पर बता रहा है कि दिनांक 18/02/2025 को मैं अपने अन्य साथियों के साथ अक्षय यादव उर्फ कल्लू यादव का घर जो सिहावीर में है पार्टी की गई थी। पार्टी के बाद अक्षय यादव उर्फ कल्लू यादव के पड़ोसी अभिषेक जायसवाल और उसके पिता अशोक जायसवाल से गाली गलौज और मारपीट की गई तभी विपक्षी अभिषेक जायसवाल और उसके पिता ने फोन करके पुलिस बुला लिया। इसके बाद विपक्षी अभिषेक जायसवाल पुलिस के इंतजार में अपने मकान से थोड़ा आगे बढ़कर साहित्य नाका मोड पर आया था कि मैं अपने अन्य साथियों के साथ साहित्यनाका मोड़ पर हम लोगो ने अभिषेक जायसवाल को इतना मारे थे कि वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** रिशू सिंह पुत्र मुन्ना राय निवासी ग्राम सलया थाना राजपुर जिला बक्सर बिहार हाल पता शायर माता गली रामपुर रामनगर वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**– मु0अ0सं0-0039/2025, धारा- 115(2), 352, 110, 191(2), 54, 351(3) बी0एन0एस0 थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -</u>**

1. प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अमीर बहादुर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री पंकज मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।
5. का0 शैलन्द्र सिंह थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**